भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु बीएलओ, सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण जारी

# कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं, प्रत्येक घर तक पहुँचें बीएलओ



**सिवनी नवभारत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र — सिवनी, बरघाट, केवलारी एवं लखनादौन में बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना है।

01 नवम्बर को सिवनी विधानसभा 115 में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले उपस्थित रहीं और बीएलओ को संबोधित किया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसके माध्यम से पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित कर लोकतंत्र को और सशक्त बनाया जाता है। उन्होंने उपस्थित बीएलओ को निर्देशित किया कि वे अपने कार्य को पूरी निष्ठा, गंभीरता और पारदर्शिता के साथ संपादित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बीएलओ अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और अपात्र नामों को हटाया जा सके। मृतक अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नामों की पहचान कर उन्हें सूची से हटाने की प्रक्रिया भी सावधानीपूर्वक की जाए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को समयसीमा में पूर्ण किया जाए, जिससे जिले की मतदाता सूची अधिक शुद्ध और विश्वसनीय बन सके। बीएलओ द्वारा 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक घर-घर जाकर गणना पत्रक भरे जाएंगे तथा संकलित पत्रक संबंधित ईआरओ को जमा किए जाएंगे। 9 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी तथा 31 जनवरी तक नोटिस चरण अंतर्गत सुनवाई की प्रक्रिया चलेगी।



# राष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखेर रहीं सिवनी की बेटियां

**सिवनी।** मध्य प्रदेश एवं छात्रावास स्थापना दिवस पर माता शबरी परिसर में मेधावी छात्राओं का सम्मान

सिवनी मे मध्य प्रदेश एवं छात्रावास स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर, माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, सिवनी में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परिसर की उन मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्र स्तर की प्रतियोगिताओं में जिले का नाम रोशन किया है।

यह कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष मालती मुकेश डेहरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले की कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले जी, क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्री घनश्याम सनोडिया जी, ग्राम पंचायत बोरदई के सरपंच, उप सरपंच तथा अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। छात्रावास के प्राचार्य एवं सहायक आयुक्त द्वारा माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

कलेक्टर मैडम का प्रेरणादायक उद्बोधन सफलता ही सफलता का मंत्र है। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले जी का संबोधन बेहद सराहनीय और प्रेरणा से भरा रहा। उन्होंने मध्य प्रदेश और छात्रावास स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं और मेधावी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

कलेक्टर महोदय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, विफलता में ही सफलता का मंत्र छुपा है। हर छोटी उपलब्धि आपको अगली बड़ी सफलता के लिए प्रेरित करती है।

उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए बताया कि वह भी एक समय में ऐसे ही छात्रावास में रहकर अध्ययन करती थीं, और परिसर की प्राचीन संस्कृति को देखकर उन्हें अपना बचपन याद आ रहा है। उन्होंने छात्राओं से अनुरोध किया कि

आप सभी पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। अपनी अलग पहचान को बनाए रखें—चाहे वह अलग खान-पान हो, वेशभूषा हो, या संगीत और नृत्य अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर ही आप अपने जिले का नाम देश भर में और भी अधिक रोशन करने में सहयोगी बन सकती हैं

**उज्जवल भविष्य की कामना की**

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती मुकेश डेहरिया ने भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हुई सभी छात्राओं का अभिवादन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन छात्राओं का भविष्य उज्जवल होगा और वे इसी तरह सिवनी जिले का गौरव बढ़ाती रहेंगी।

यह आयोजन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं के लिए न केवल एक सम्मान समारोह था, बल्कि शैक्षणिक उत्कृष्टता और सांस्कृतिक चेतना के संगम का एक प्रेरक उदाहरण भी बना।

# राम मंदिर परिसर में देव उठनी एकादशी मनाई गई

**तुलसी-शालिग्राम विवाह में महिलाओं की जमकर भागीदारी**



**घंसौर नवभारत।** घंसौर नगर के सुप्रसिद्ध श्री राम मंदिर में धर्म की नगरी मुख्यालय घंसौर में संचालित श्रीराम मंदिर परिसर में विगत 1 नवम्बर को मंदिर समिति के आयोजन में देव उठनी एकादशी के शुभ अवसर पर तुलसी शालिग्राम विवाह महोत्सव मनाया गया जिसमें प्राप्त जानकारी के मुताबिक विधि विधान से भगवान शालिग्राम और मां तुलसी का विवाह पुरोहित के मंत्रोच्चारणों के बीच सम्पन्न कराया गया और बाजे गाजे तथा आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं की जमकर भागीदारी नजर आई। उधर वार्ड नम्बर 20 में भी नव निर्मित सार्वजनिक शिवालय में उक्त महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बताया गया कि कार्तिक मास के शुक्लपक्ष की एकादशी जिसे प्रबोधिनी एकादशी भी कहते हैं, उसका बहुत ज्यादा पुण्यफल माना गया है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा करने पर साधक को सुख, सौभाग्य, धन-वैभव आदि सारे सुख प्राप्त होते हैं एकादशी व्रत के पुण्य प्रताप से साधक के पूर्व और वर्तमान जन्म के सारे पाप दूर हो जाते हैं और वह सभी सुखों को भोगता हुआ मोक्ष को प्राप्त होता है। हिंदू मान्यता के अनुसार एक समय में बहुत धर्मनिष्ठ और न्यायप्रिय राजा हुआ करता था राजा की तरह प्रजा भी धर्म-कर्म पर विश्वास करती थी और हर आम और खास व्यक्ति भगवान विष्णु की कृपा बरसाने वाला एकादशी का व्रत रखते थे।

# कन्या परिसर में मनाया मप्र स्थापना दिवस



**छपारा नवभारत।** आदिवासी छपारा में कन्या परिसर में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के मौके पर संस्कृत खेलकूद सहित कई आयोजन किए गए. इस कार्यक्रम में शिरकत करने छपारा नगर परिषद की अध्यक्ष निशा पटेल पार्षद शिवनीता जितेंद्र राजपूत पार्षद श्रीमती निर्मला ठाकरिया सहित छपारा विकासखंड अधिकारी राकेश दुबे जनपद पंचायत के सीईओ रविंद्र मीणा मौजूद रहे जहां कन्या परिसर पर 1 नबंम्बर मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के विशेष अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए इस दौरान कन्या परिषद में मौजूद छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतियां दी इसके साथ ही खेलकूद खो-खो का भी आयोजन किया गया जिसमें कन्या परिषद की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित संस्था शासकीय माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर छपारा में अध्ययनरत व निवासरत छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक खेल का आयोजन किया गया राकेश दुबे द्वारा जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदाय की जाने वाली योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया। रवींद्र मीणा, सीईओ जनपद पंचायत छपारा द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अध्ययन करने व असफलतानों से हार न मानकर आगे प्रयत्न करते रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया है।

## एक नजर में

### शिक्षक आर.जी. नामदेव को दी गई विदाई



**केवलारी।** सी एम राइज विद्यालय में पदस्त शिक्षक आर जी नामदेव ने शुक्रवार को अपना कार्यकाल पूर्ण किया। श्री नामदेव ने बहुत लंबा समय केवलारी के सीएम राइस विद्यालय केवलारी में खेल शिक्षक का निर्वहन किया। सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई कार्यक्रम सी एम राइज स्कूल में संपन्न हुआ। तत्पश्चात उनके निज निवास पर भी विदाई सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों ने शिक्षक नामदेव जी के सम्मान समारोह में उपस्थित होकर शुभकामनाएं प्रेषित किया सम्मान समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें मशहूर कवि और मंच संचालक जयदीप दुबे ने अपनी कविताओं से लोगों का दिल जीत लिया साथ ही सिवनी के आनंद म्यूजिकल ग्रुप से श्री मोहन बेस एवं डॉक्टर गोरी ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को मनमोहक बना दिया। अंत में शिक्षक नामदेव जी ने सबका आभार व्यक्त किया और अपने जीवन का अनुभव साझा किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक मा. सुरेंद्र सम्मिलित हुए।

### कौमी एकता समिति का ईनामी दंगल 4 नवंबर को

**छपारा।** जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगई रैय्यत (भीमगढ़ कॉलोनी) के कौमी एकता दंगल समिति के तत्वाधान में आगामी 04 नवंबर दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से संजय सरोवर परियोजना मैदान गंगई रैयत (भीमगढ़ कॉलोनी) में विशाल ईनामी दंगल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्र सहित अन्य जिलों से पहलवानों की पहुंचने की संभावना जताई जा रही हैं। वहीं दंगल समिति द्वारा दी गई जानकारी अनुसार उक्त दंगल प्रतियोगिता में रनिंग कुश्ती खेली जाएगी जिसमें प्रथम ईनाम 31हजार रुपए, दूसरा ईनाम 21 हजार रुपए एवं तीसरा ईनाम 15 हजार रुपए, साथ ही चौथा ईनाम 11हजार रुपए एवं पांचवा ईनाम 5000 रुपए रखा गया है। आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्रीय जनों से इस सौहार्दपूर्ण आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।


### प्रगति कम होने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**सिवनी।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ एप के माध्यम से किए जा रहे डाटा मैपिंग कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं रहने पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने वाले बीएलओ के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के 10 प्रतिशत से कम प्रगति दर्ज कराने वाले 28 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार बरघाट विधानसभा के 8, केवलारी के 7 तथा लखनादौन के 1 बीएलओ को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित बीएलओ निर्धारित समयसीमा में अपने कार्य की प्रगति सुधारें, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# जुआ फड़ में कोतवाली पुलिस की रेड़, 12 जुआरियों से 15880 रुपये जप्त



**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो के नेतृत्व में समय- समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड़ कार्रवाई की जाती रही हैं। इसी क्रम में एएसपी दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए ग्राम नरेला में जुआ खेल रहे 12 जुआरियों को घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई करते हुए धर दबोचा। उल्लेखनीय है कि दिनांक 31 अक्टूबर, 2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई है कि ग्राम नरोला में कुछ लोग रुपये पैसों का दांव लगाकर हार जीत का खेल रहे जो तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी कर दबिश देकर 12 जुआरियों को पकड़ने में सफलता हासिल हुई जिनके पास से 07 मोटर सायकल, नकदी 15880 रुपये एवं 52 तांस के पत्ते मिलने पर विधिवत् जप्त कर जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। पकड़े गये जुआरियों में भोपालसिंह बघेल पिता मोहनसिंह बघेल उम्र 39वर्ष निवासी ग्राम नगझर थाना कोतवाली जिला सिवनी हीरा यादव पिता श्यामलाल यादव उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम नरेला थाना कोतवाली जिला सिवनी । विक्रम यादव पिता घसीटा यादव उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम नरेला थाना कोतवाली जिला सिवनी । शुभम साहू पिता संतोष साहू उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम नरेला थाना कोतवाली जिला सिवनी। जयपाल कुशवाहा पिता सुरेश कुशवाहा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम नरेला थाना कोतवाली जिला सिवनीअभिषेक बर्मन पिता संतोष बर्मन उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम नरेला थाना कोतवाली जिला सिवनी। रामपाल बर्मन पिता सखाराम बर्मन उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम नरेला थाना कोतवाली जिला सिवनी। विनय उइके पिता नन्दलाल उड़के उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम नरेला, नरेन्द्र बघेल पिता रज्जनसिंह बघेल उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम नरेला, अनिल बर्मन पिता राधेश्याम बर्मन उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम नरेला, देवदास बर्मन पिता कमलसिंह बर्मन, नारायण रजक पिता पूरनलाल रजक निवासी भैरोगंज शामिल है।



बरघाट नवभारत। नगर के गणेश चंद्र भट्ट के निवास स्थान पर देवउठनी ग्यारस के अवसर पर तुलसी माता के चरण की रंगोली बनाई गई।

# ग्राम भररूटोला में दंगल का हुआ आयोजन



**गोरखपुरकला नवभारत।** ग्राम पंचयत गोरखपुरकला के भररूटोला में सम्पन हुआ यह आयोजन कार्य समिति के आशाराम मरकाम शंकर इनवाती विश्राराम उईके सतिश उपसंरपच दरशान गोनगे निर्णायक गिरनर उइके मुंशी कुमरे और राकेश बैस जगत उइई के राकेश डेहरिया राधेश्याम डेहरिया एवं सभी ग्राम वासी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ साथ ही आसपास के क्षेत्र के ग्रामीणों की मौजूदगी में दंगल का समापन हुआ लोग भारी संख्या पहुंचकर दंगल का आनंद उठाया यह देगल क्षेत्र क्षेत्र का

प्रसिद्ध दंगल माना जाता है। कई बरसों से परंपरा के अनुसार यह दंगल का आयोजन किया जाता है जहां पूरे ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों का इस दंगल में महत्वपूर्ण सहयोग के चलते यह कार्यक्रम होता है वही इस दंगल में जिले सहित अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी मात्रा में पहलवान की उपस्थिति बताई जाती है वहीं पूरे क्षेत्र में बड़ी धूमधाम से और एकता के साथ यह दंगल का आयोजन किया जाता है समाचार लिखे जाने तक फाइनल मुकाबला नहीं हुआ था जिसके चलते इस दंगल में कौन विजेता रहा इस बात की जानकारी नहीं थी।

# भारतीय कलाकार संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन झांसी में शामिल हुए

**देशभर के कलाकार नियुक्ति पत्र से सम्मानित किया गया**



**सिवनी नवभारत।** राजकीय संग्रहालय सभागार झांसी उ.प्र.मे भारतीय कलाकार संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन मे28अक्टूबर सुबह 10बजे से शुरू हुआ था, जिसमें पदभार ग्रहण समारोह मे सिवनी जिले के कलाकार संघ भी इस अधिवेशन मे भाग लिया था इस आयोजन मे सम्मान समारोह हुआ था इसके बाद उद्बोधन व प्रशिक्षण और सांस्कृतिक कार्यक्रम, शीर्ष नेतृत्व मार्गदर्शन का कार्यक्रम रखा गया था इस कार्यक्रम मे सिवनी जिले का सम्मान बड़ी गौरव की बात है जहां उत्तर प्रदेश के झांसी शहर मे सिवनी जिले के कलाकार का सम्मान हुआ।

मीडिया प्रभारी आर्टिस्ट राजेश बनवारी भा.क.सं.सिवनी ने बताया कि इस अधिवेशन मे सिवनी जिले के कलाकार पहुंचे जिसमें दिनेश सिंह ठाकुर (अध्यक्ष)शरद नामदेव (सलाहकार)संजय कुमार पटेल (कोषाध्यक्ष) प्रसून यादव (सचिव) राजेश बनवारी (मीडिया प्रभारी) कलाकारों को सम्मानित किया गया। और इस अधिवेशन मे सिवनी के कलाकारों ने कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होने पर बधाई दी और अधिवेशन मे प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति पर पेन्टर सुनील शेठ्ठी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी।

**आयोजन** लोक कल्याण हितार्थ सर्वसमाज द्वारा श्री हरि हरात्मक महायज्ञ का होगा आयोजन

# पतित पावन पुण्य सलीला मां बैनगंगा श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र

**उगली नवभारत।** बैनगंगा दक्षिण पूर्वी मध्यप्रदेश की एक प्रमुख नदी है जो सिवनी जिला मुख्यालय से दक्षिण में राष्ट्रीय राजमार्ग नागपुर मार्ग पर 12 किलोमीटर दूर स्थित गोपालगंज नामक कस्बे से पूर्व की ओर लगभग 6 किलोमीटर दूर परतापुर नामक ग्राम के मुण्डारा नामक स्थल पर एक कुण्ड से निकल कर सिवनी जिला के मुख्यालय और भगवान शिव की नगरी सिवनी जिला की अर्ध परिक्रमा कर (शास्त्रों में शिव की अर्ध परिक्रमा का ही विधान है) पड़ोसी जिला बालाघाट में अपनी परिक्रमा को पूर्णता प्रदान करती हुई महाराष्ट्र राज्य में प्रवेश करती है। महाराष्ट्र को लांघते हुए महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिला के सिरौंजा और आंध्रप्रदेश में महादेवपुरम के पास प्राणहिता के नाम से गोदावरी में संगम करती हुई बंगाल की खाड़ी में समाहित होती है।

बैनगंगा, उद्गम स्थल मुण्डारा से गोदावरी में अपने संगम तक लगभग 750 किलोमीटर के अपने प्रवाह पथ में बिजना, ठेल, सागर, हिर्री, कन्हान, पैनगंगा, वरदा (वर्धा) आदि नदियों एवं अनेक नालों को अपने में समाहित किये हुए है। बात करें बैनगंगा और हिर्री के संगम की जो सिवनी और बालाघाट की सीमा में बसे ग्राम सरेखा (केवलारी विकास खंड के उगली कस्बे से लगभग 8 किलोमीटर दूर) तथा बालाघाट के घुनाड़ी ग्राम के मध्य हुआ है। यह इस क्षेत्र के लिए प्रयाग जैसा एक छोटा सा तीर्थ स्थल एवं आस्था का केंद्र है। इस संगम स्थल में प्रतिवर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा से अगहन अमावस्या तक विशाल मेला लगता है। इस वर्ष जन आस्था एवं परम हंसी संत स्वामी अनुभवानंद जी, काशी कुंड पीठाधीश्वर श्री जगतगुरु दीनदयाल जी महाराज, स्थानीय क्षेत्रीय विप्रगण, श्री चंदनगिरी जी महाराज.. तथा हरि इच्छा से 07 नवंबर मार्गशीर्ष (अगहन) कृष्ण द्वितीय दिन शुक्रवार से 17/11/25 मार्गशीर्ष त्रयोदश दिन सोमवार तक लोक कल्याण हितार्थ सर्वसमाज द्वारा श्री हरि हरात्मक महायज्ञ किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

मध्यप्रदेश ही नहीं अपितु महाराष्ट्र में भी बैनगंगा नदी को देवनदी भागीरथी गंगा के समान पवित्र माना जाता है तथा पर्वकालों में पूर्ण श्रद्धा के साथ इसके जल में स्नान किया जाता है। भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में गंगा को पवित्रता की पराकाष्ठा माना गया है.., चूंकि बैनगंगा के नाम में भी गंगा शब्द जुड़ा हुआ है अत: इसकी पवित्रता जन मान्यताओं में असंदिग्ध सिद्ध होती है।

यद्यपि इतिहास और ग्रंथों में इस नदी का उल्लेख अल्पतम है पुरातात्विक खोजों के आधार पर यह प्रमाणित भी हो चुका है कि ताम्रकालिन मानव सभ्यता इस बैनगंगा नदी के किनारे आबाद थी जिसका काल (समय) आज से लगभग दस सहस्त्र वर्ष पूर्व का आंका जाता है। यद्यपि ताम्र युग से पूर्व प्रागैतिहासिक काल में जो मानव सभ्यता का पाषाण युग था, उस समय के भी कुछ संकेत चिन्ह बैनगंगा के तटीय स्थानों में इतिहास कारों को मिले हैं ऐसे पढ़ने आया है। बैनगंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्र उस समय के उस सभ्यता के महत्वपूर्ण केंद्र रहे हैं। यह भी ज्ञात हुआ है कि वर्तमान नाम महाराष्ट्र के भंडारा जिला और उसके आगे इस नदी में जलयान भी कभी चला करते थे। बैनगंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों के उत्खनन से वाकाटक कालीन सभ्यता के अवशेष भी मिले हैं। वाकाटक काल प्राचीन भारत का एक प्रमुख राजवंश रहा है जिसका उल्लेख विष्णुपुराण, श्रीमद्भागवत, अग्निपुराण एवं वायु पुराण में भी प्राप्त होता है। इतिहास कारों के अनुसार इस राजवंश ने ईसा की दूसरी शताब्दी से पाचवी शताब्दी तक इस क्षेत्र में राज्य किया एवं यह वंश दस अश्वमेध यज्ञ करने के लिए प्रसिद्ध रहा है। उक्त प्रमाणों से यह सिद्ध होता है कि बैनगंगा नदी आदिकाल से ही मानव सभ्यता का एक महत्वपूर्ण केन्द्र रही है...

# द्वितीय सोपान जांचशिविर संपन्न

**सिवनी नवभारत।** भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार स्काउट आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए प्रत्येक जिले में ड्यूटी सोपान झांसी वीर आयोजित किए जाते हैं इसी कड़ी में भारत स्काउट गाइड जिला संघ शिवानी के जिला कमिश्नर श्री शिवसिंहजी कुमरे के मार्गदर्शन में जांच शिविर का आयोजन जिला प्रशिक्षण केंद्र महाकालेश्वर बोर्देही में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया गया।

इस दौरान सिवनी बरघाट केवलारी विकासखंड के लगभग 185 स्काउट गाइड ने हिस्सा लिया जिसमें विद्यालय से द्वितीय सोपान पूर्ण किए हुए स्काउट गाइड शामिल हुए इस शिविर की समापन पूर्व संध्या दिनांक 30.10.2025 को मौसम खराब होने के कारण कन्या परिसर के सभागार में आयोजित की गई जिसमेंमुख्य अतिथि के रूप में कन्या परिसर के प्राचार्य मनोहर रांहगडालें जनपद सदस्य परशुराम सनोदिया बोल रही हाई स्कूल के प्रचारक प्रेमचंद सनोदिया मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संगठन मंत्री अनिल शर्मा उपस्थित रहे इस अवसर पर शिविर संचालक श्री शुक्ल द्वारा अतिथियों का स्कॉर्प पहनाकर स्वागत कियाइस कार्यक्रम में स्काउट गाइड ने सर्वप्रथम नौ नियमों के माध्यम से शिविर जावाल प्रचलित कर शिविर का शुभारंभ किया जिसमें स्काउट गाइड द्वारा लोक नृत्य पर्यावरण से संबंधित नाटिका तथा स्काउट गतिविधि के अंतर्गत प्राथमिक चिकित्सा में स्टेचर एवं पटीयों का प्रदर्शन किया जिसमें मुख्यअतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में यह बताया गया कि विद्यालय का स्काउट एवं गाइड अपने आप में अलग होता है

बनिए LIC में बीमा सखी
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम
3 साल के लिए मासिक वेतन प्राप्त करें
7,000 1 st year + Commission
6, 000 2nd year + Commission
5,000 3rd year + Commission
योग्यता : 10 वीं पास
Flexible Work Timings
Be Your Own Boss
Unlimited Income Potential
Apply Now
रामनंदन बघेल
मुख्य जीवन बीमा सलाहकार
जिला-सिवनी (म.प्र.)
मो. 8963906829, 9479988821